डिलीवरी प्वाइंट के ऑफिस व गोदाम में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

इटवा (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय इटवा क्षेत्र के बेनीनगर स्थित ऑनलाइन डिलीवरी प्वाइंट लिमिटेड के कार्यालय और गोदाम में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा

◆चोरी के लैपटॉप, मॉनिटर, तीन मोबाइल और नकदी बरामद

करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक लैपटॉप, एक एलसीडी मॉनिटर, तीन मोबाइल फोन और एक हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, 23/24 अगस्त 2026 की रात चोरों ने कार्यालय के रोशनदान का शीशा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में थाना इटवा में मु0अ0सं0 190/2026 धारा



305ए, 331ए, 317(2) बीएनएस का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर जनपदीय एंटी थेफ्ट टीम, इटवा पुलिस और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बदलिया चैराहे से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हरीश मौर्य पुत्र नरेश मौर्य निवासी ग्राम लगई डीह सरोथर कठौतिया, आकाश कुमार पुत्र जयंती प्रसाद निवासी ग्राम मन्नीजोत और सर्वेश त्रिपाठी पुत्र सूर्यमणि त्रिपाठी निवासी ग्राम लगईडीह सरोथर कठौतिया थाना त्रिलोकपुर क्षेत्र के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में हरीश ने बताया कि वह पहले डिलीवरी प्वाइंट के कार्यालय में काम करता था। उसे कार्यालय में नकदी के लेनदेन की जानकारी थी। इसी आधार पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है

कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अनिल दूबे के नेतृत्व में की गई। इसमें एंटी थेफ्ट टीम, थाना इटवा पुलिस और सर्विलांस टीम के सदस्य शामिल रहे।

चेयरमैन ने छठ घाट के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का लिया जायजा

सिद्धार्थनगर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत बढ़नी में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छठ घाट की साफ-सफाई, सम्पर्क मार्ग के निर्माण और श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बैठक हॉल तैयार कराने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिसको लेकर चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने छठ घाट पहुंचकर चल रहे निर्माण, विकास और साफ-सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित कर्मचारियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के



निर्देश दिये। वहीं निरीक्षण के दौरान चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि बढ़नी नगर में छठ मैया की पूजा पूरे श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। ऐसे में नगर पंचायत की प्राथमिकता है कि पर्व के दौरान किसी भी व्रती या श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी इंतजाम किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व को लेकर वह स्वयं और नगर पंचायत की पूरी टीम पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयारियों में जुटी हुई है। इस बार बढ़नी का छठ घाट आकर्षक, भव्य और दिव्य स्वरूप में नजर आयेगा। इसके लिए घाट की सुन्दरता बढ़ाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चेयरमैन ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ पर्व से पहले घाट की साफ-सफाई, मार्ग निर्माण, बैठने की व्यवस्था सहित सभी जरूरी कार्य हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि श्रद्धालु शान्तिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में छठ मैया की आराधना कर सकें।

मासूम बेटे की हत्या कर मां ने लगाई फांसी

सिद्धार्थनगर । मां ने डेढ़ साल के बेटे की हत्या कर दी। उसने पहले बेटे का गला घोंटा। फिर छह महीने की बेटी का भी गला दबाया। बच्ची बेहोश हो गई तो महिला ने उसे मरा समझकर छोड़ दिया। इसके बाद खुद फंदे से लटक गई। बुधवार रात 9 बजे पति रामनरेश (27) गोलगप्पे बेचकर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने पर भी पत्नी काजल (25) ने दरवाजा नहीं खोला तो उसने पुलिस को बुलाया। और बेटी खुशी चारपाई पर पड़े थे। बच्ची की सांसें चल रही थीं। पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल भिजवाया। पूरा मामला शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र का है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि काजल को शक था कि उसके पति का किसी दूसरी महिला से अफेयर चल रहा है। रामनरेश मूलरूप से मध्यप्रदेश के दतिया जिले के तालगांव का रहने वाला है। वह 5 साल से शोहरतगढ़ कस्बे में किराए के कमरे में रहता है।

4 साल पहले हुई थी शादी रामनरेश और काजल की शादी करीब चार साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही काजल पति के साथ सिद्धार्थनगर में रह रही थी। रामनरेश ने बताया, मैं रोज की तरह फुल्की बेचने गया था। रात 9 बजे घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। मेरी आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो घटना का पता चला। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने कमरे में पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पति रामनरेश और आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए। अभी तक मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। खबर लिखेजने तक मायके पक्ष के लोग अभी नहीं पहुंचे हैं।पति-पत्नी में कभी-कभी विवाद होता था पड़ोसियों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच कभी-कभी विवाद होता था। हालांकि, घटना से पहले दोनों के बीच किसी बड़े झगड़े की बात सामने नहीं आई है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर साफ हो सकेगी।

हादसे के स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। विकास खंड लोटन के अंतर्गत कूड़ा नदी में लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए



हादसे के स्थल का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही के निरीक्षण किया। दो दिन पूर्व लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसे में 2 लोगों के डूबने की सूचना थी। हादसे में 2 लोगों की डूबने से मृत्यु हो गई एन डी आर एफ की टीम एवं स्थानीय गोताखोर की कड़ी मेहनत के बाद आज मौके पर दोनों लोगों के शव बरामद किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने पीड़ित परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया एवं हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ निखिल चक्रवर्ती, क्षेत्राधिकारी नौगढ़ विश्वजीत सौरयान एवं अन्य संबंधित अधिकारी, ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

रेलवे फाटक चिल्हियां के बीच कई बाइक सवार फंसे, अनहोनी टली

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग-730 स्थित चिल्हियां रेलवे समपार फाटक पर रेलवे विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। चिल्हियां रेलवे समपार फाटक बन्द होने के दौरान दोनों बैरियर के बीच रेलवे ट्रैक पर बड़ी संख्या में बाइक सवार फंस गये थे। अचानक फाटक बन्द होने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं सोशल वीडियो में कई बाइक सवार सामपर फाटक (ट्रेक) के बीच फंसे दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान किसी ट्रेन के आने पर बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि रेलवे समपार फाटक बन्द करने वाले कर्मचारी की सूझबूझ से अनहोनी टल गयी। कर्मचारी ने तत्काल स्टेशन मास्टर से सम्पर्क कर फाटक खुलवाया, जिसके बाद सभी बाइक सवार सुरक्षित बाहर निकल सके। घटना के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं रेलवे समपार फाटक बन्द होने के दौरान दोनों बैरियर के बीच रेलवे ट्रैक पर बड़ी संख्या में फंसे बाइक सवारों का सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो रेलवे समपार पर



सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारियों की सतर्कता को लेकर बड़ा सवाल खड़े कर दिये हैं।

उचित दर विक्रेताओं की बैठक आयोजित

सिद्धार्थनगर। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से छूटे हुए अर्ह एवं युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराए जाने के संबंध में तहसील नौगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी नौगढ़ द्वारा की गई, जिसमें क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, नौगढ़ सहित बर्डपुर, उसकाबाजार और लोटनबाजार के पूर्ति निरीक्षक तथा विकास खंड नौगढ़, बर्डपुर, उसका, लोटन एवं जोगिया व नगरीय क्षेत्र के समस्त उचित दर विक्रेता (कोटेदार) उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के 04 नवंबर 2026 के पत्र के अनुपालन में सभी को दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। उचित दर



विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे राशनकार्डों पर अंकित 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्रों की कुल संख्या, उनमें से वोटर के रूप में रजिस्टर्ड पात्रों की संख्या तथा वोटर बनने से छूटे हुए अर्ह पात्रों की कुल संख्या का डेटा तैयार करें। इसके साथ ही, छूटे हुए अर्ह पात्रों द्वारा भरे गए फॉर्म-6 की कुल संख्या ज्ञात कर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

कोटेदारों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे %पीएमजीओपेयी% ऐप से राशनकार्ड डाउनलोड करें और उसमें दर्ज यूनिटों की आयु का अवलोकन करें। यदि किसी पात्र कार्डधारक या उसकी यूनिट का मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) नहीं बना है या फॉर्म-6 नहीं भरा गया है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित बीएलओ (ब्रह्म) को देते हुए उनका फॉर्म-6 भरवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी युवा या पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे।

छठ पर्व की तैयारियों का नपाध्यक्ष चमन आरा व पूर्व अध्यक्ष मो इद्रीस राईनी पटवारी ने किया निरीक्षण

बांसी (सिद्धार्थनगर)। शनिवार एवं रविवार को मनाए जाने वाले छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराने की तैयारी में नगर पालिका प्रशासन पूरी मुस्तैदी से लगा हुआ है। शुक्रवार को छठ पूजा की तैयारी को लेकर रासी नदी तट पर चल रहे कार्य का जायजा नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने लिया और बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान ईओ जय प्रकाश सिंह यादव व पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद इद्रीस राईनी पटवारी भी मौजूद रहे।

नगर पालिका के सफाई कर्मी व सफाई नायक घाट के साफ सफाई व साज सज्जा के लिए पूरी मुस्तैदी से डटे हुए दिखे। नगर में रासी नदी पुल के निकट स्थित रानी मोहभक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर भारी संख्या में महिलाएं इकट्ठा होकर लोक आस्था के इस महापर्व की पूजा करती हैं तथा



नदी में उतरकर सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि घाट के साफ सफाई के साथ व्रती महिलाओं के आने, जाने व पूजा करने के लिए घाट पर समुचित व्यवस्था किया जा रहा है। नदी में व आने जाने के लिए रास्ते में महिलाओं को अफरातफरी से बचाने के लिए बैरिकेडिंग किया जाएगा। छठ पर्व मनाने के लिए महिलाएं घाट पर बेदी को सजाने में व्यस्त हैं। घाट पर मौजूद पालिका के लिपिक अमरेंद्र कुमार, गिरीश पाण्डेय , सफाई नायक राजकुमार पाण्डेय, रामचरण यादव आदि को निर्देश देते हुए कहा कि घाट पर आने वाली व्रती महिलाओं को कोई दिक्कत न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए नदी में नाव की व्यवस्था किया जाय साथ ही व्रती महिलाओं की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरा और वाच टावर बनाए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर इशरत जमील रिजवी, सुधीर मौर्या, राजू बाल्मीकि के अलावा अन्य तमाम नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

छठ पर्व पर बाजारों में बढ़ी रौनक, व्रती महिलाएं जुटीं तैयारी में

बांसी (सिद्धार्थनगर)।लोक आस्था के महापर्व डाला छठ को लेकर नगर व तहसील क्षेत्र के आस



पास के बाजारों व चौराहों पर भारी भीड़ के साथ ही रौनक बढ़ गई है। व्रती महिलाएं बाजारों से तमाम प्रकार की पूजन सामग्रियों की खरीदारी कर रही हैं।

कार्तिक शुक्ल पक्ष में मनाए जाने वाले इस चार दिवसीय महापर्व की शुरुआत 13 नवम्बर को %नहाय-खाय% के साथ प्रारम्भ हुआ , जिसमें व्रती महिलाएं स्नान कर शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत का संकल्प लेंगी। इसके बाद 14 नवम्बर को %खरना% होगा, जिसमें पूरे दिन के उपवास के बाद शाम को गुड़ व चावल की खीर का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया जाएगा।

पर्व के तीसरे दिन 15 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया जाएगा और 16 नवम्बर की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन होगा। शुक्रवार की सुबह से नगर में छठ पर्व की खरीदारी को लेकर भारी भीड़ के चलते जाम की स्थिति बनती रही , जिसको लेकर स्थानीय कोतवाली पुलिस जगह-जगह सक्रिय रहते हुए भीड़ को नियंत्रित करने में लगी रही।

सुरक्षित यातायात के नियम के प्रति किया जागरूक

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को उसका थाना क्षेत्र के उसका नौगढ़ मार्ग पर स्थित महुवा



स्थित पेट्रोलपंप पर पुलिस की सीसी टीम ने वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में लोगों को सुरक्षित यातायात के नियम के प्रति जागरूक किया। एसआई अरविंद कुमार दुबे की अगुवाई में वाहन चेकिंग अभियान में विभिन्न वैध कागजातों और हेलमेट आदि के अभाव में कुल 41 वाहनों का ई 44500 रुपए का चालान किया गया।इस मौके पर वाहन चालकों से आवश्यक रूप से हेलमेट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। कई लोग असुरक्षित वाहन चला रहे थे, उन्हें सुरक्षित रूप से वाहन चलाने के लिए कड़ी हिदायत दी गई।वाहन चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी ,हेड कांस्टेबल जयप्रकाश कुशवाहा, कांस्टेबल अवनीश यादव, अंसार अहमद खान आदि मौजूद रहे।

बारात में अभद्र गाना बजाने का विरोध करने वाले परिवार पर लाठी-डंडों से हमला; 11 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बारात में डीजे पर अभद्र गाना बजाने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। विरोध करने पर बारात में शामिल लोगों ने एकजुट होकर परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के साथ बलवा, तोड़फोड़ और जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में बखिरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 11 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने डीजे को भी सीज कर दिया है।पुलिस के अनुसार, घटना 13 नवंबर 2026 की है।

ग्राम मुड़िला खुर्द में आयोजित शादी समारोह की बारात जब ग्राम भिटवा बाजार पहुंची तो वादिनी अपने परिवार के साथ घर के सामने खड़ी होकर बारात देख रही थीं। इसी दौरान बारात में शामिल कुछ लोग डीजे पर अभद्र गाने बजा रहे थे। वादिनी और उनके परिजनों ने इसका विरोध करते हुए गाने बंद करने को कहा। आरोप है कि इस बात से नाराज बारातियों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की नीयत से हमला किया गया।

मामले में पीड़िता की तहरीर पर थाना बखिरा में मुकदमा अपराध संख्या 420/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने उसी दिन ग्राम मुड़िला खुर्द से सभी 11 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुमार, सीताराम, सत्यदेव, राकेश, सूरज, रवि, श्रीकान्त, अमित कुमार, शनि कुमार, आनन्द और उदयभान शामिल हैं। सभी आरोपी जनपद संतकबीरनगर के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मेहदावल सर्वदवन सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सहित उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह यादव, ओमप्रकाश, अरविन्द कुमार तिवारी एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश है कि शादी-विवाह जैसे आयोजनों में अभद्रता और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छठ पर्व को लेकर सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने किया पक्का पोखरे का निरीक्षण

संतकबीरनगर। छठ महापर्व को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं और घाटों की साफ-सफाई के मद्देनजर जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन एवं पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष व सभासद सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने कोतवाली के सामने स्थित पक्का पोखरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पोखरे के आसपास व्याप्त गंदगी पर उन्होंने नाराजगी जताई और नगर पालिका प्रशासन को तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।*इस दौरान सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था और सूर्य उपासना का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं और श्रद्धालु पोखरे पर पहुंचकर भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते हैं। ऐसे में घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने को कहा, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम जायसवाल एवं शक्ति केंद्र प्रमुख धर्मेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

बाल दिवस आज

संतकबीर नगर ! आज शनिवार बाल दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा बाल दिवस ! उक्त दिवस पर खेल कूद, रंगोली, मेहंदी लगाओ, कुश्ती, कबड्डी गीत व स्पीच, क्रिकेट आदि प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर चयनित प्रतिभाओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित कर मेंधावी छात्र एंव छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बाल दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा ! सूर्या ग्रुप तथा ब्लूमिंग बड्स एवं एसएसबी डीएस तथा सर्वोदय बलराम आदि विद्यालयों में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा !

खेतों में पराली जलाई तो किसान और कंबाइन मालिक पर लगेगा जुर्माना

संतकबीरनगर, । खेतों में धान की पराली जलाने पर अब किसानों और कंबाइन संचालकों को जुर्माने की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और मिट्टी की उर्वरता पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है।

इसी क्रम में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्य प्रकाश ने पराली प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से तीन प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ये प्रचार वाहन जिले की तीनों तहसीलों के अंतर्गत आने वाले विकासखंडों की प्रत्येक न्याय पंचायत में पहुंचकर किसानों को धान की पराली के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि खेतों में पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है। पराली जलाने वाले किसानों के साथ-साथ कंबाइन संचालकों के विरुद्ध भी पर्यावरणीय क्षति के लिए जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इसी कार्रवाई और पराली प्रबंधन के विकल्पों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

20 साल की सेवा के बाद भी संविदा पर रोजगार सेवक, अब 17 नवंबर से लखनऊ में होगा आंदोलन

संतकबीरनगर। जनपद के ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। मांगें पूरी नहीं होने पर 17 नवंबर से लखनऊ में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इससे पहले 13 और 14 नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उत्तर प्रदेश संविदा ग्राम रोजगार सेवक संघ (सम्बद्ध-ऐक्टू) की राज्य कमेटी की एक नवंबर को लखनऊ के एपी सेन रोड स्थित श्रम सलाहकार हॉल में बैठक हुई। इसमें ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं और लंबित मांगों पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति तय की गई।संघ की प्रमुख मांगों में संविदा व्यवस्था समाप्त कर ग्राम रोजगार सेवकों को विभागीय कर्मचारी का दर्जा देने, मानदेय बढ़ाकर 44 हजार रुपये प्रतिमाह करने और पदनाम बदलकर ग्राम विकास सहायक करने की मांग शामिल है। इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) भर्ती में 20 वर्षों का अनुभव रखने वाले रोजगार सेवकों के लिए 50 प्रतिशत पद आरक्षित करने तथा मानदेय का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। सेवाकाल के दौरान मृतक रोजगार सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने की भी मांग उठाई गई है।

प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह और महामंत्री प्रदीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले 20 वर्षों से ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार से मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की, जिससे प्रस्तावित अनिश्चितकालीन आंदोलन की नौबत न आए।

नेटवर्क ठप होने की समस्या से जूझ रहा शोहरतगढ़ डाकघर

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे में स्थित डाकघर में अक्सर/आये दिन नेटवर्क की समस्या बनी रहती है।



जिसको लेकर उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। आपको बता दें कि नेटवर्क की समस्याओं को लेकर बिना लेन-देन के दीपावली तो बीत गई और अब छठ पूजा में भी परेशानी उठानी पड़ेगी। वहीं डाकघर के कर्मचारियों का कहना है कि नेटवर्क दुरुस्त करने के लिए उच्चाधिकारियों को बार-बार सूचित किया जा रहा है, लेकिन विभागीय उदासीनता को लेकर समस्या जब की यह बनी है। अब सवाल यह उठता है कि जिन उपभोक्ताओं का खाता सिर्फ डाकघर में ही है, तो उनके त्यौहार फीके पड़ रहे है। वहीं जहां सरकार डाकघर को बैंकिंग प्रणाली बनाने का विचार कर रही है तो क्या विभागीय उदासीनता के चलते लेन-देन कार्य बिना नेटवर्क के सम्भव है?